पंचदश बिहार विधान सभा

षोडश सत्र

दैनिक विवरणिका

संख्या-01 | बुधवार, दिनांक- 11 मार्च, 2015 ई० ।

माननीय अध्यक्ष, श्री उदय नारायण चौधरी की अध्यक्षता में सभा की बैठक प्रारंभ हुई ।

समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 05.27 बजे अपराह्न तक ।

[1] माननीय अध्यक्ष द्वारा प्रारम्भिक सम्बोधन :-

यथा संलग्न ।

[2] महामहिम राज्यपाल का संदेश :-

माननीय अध्यक्ष महोदय ने महामहिम राज्यपाल से प्राप्त निम्नलिखित संदेश से सदन को अवगत कराया-

"भारत के संविधान के अनुच्छेद 176 खंड (1) के द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, मैं, श्री केशरी नाथ त्रिपाठी, बिहार का राज्यपाल, एतद् द्वारा एक साथ समवेत बिहार विधान मंडल के दोनों सदनों को दिनांक 11 मार्च, 2015 को 11.30 बजे पूर्वाह्न में सम्बोधित करना चाहता हूँ और बिहार विधान सभा वेश्म, पटना में सदस्यों की उपस्थिति चाहता हूँ ।"

[3] महामहिम राज्यपाल का अभिभाषण :-

सभा सचिव द्वारा महामहिम राज्यपाल से सह समवेत दोनों सदनों के माननीय सदस्यों को सम्बोधित करने का अनुरोध किया गया ।

तदुपरांत महामहिम राज्यपाल ने दोनों सदनों के माननीय सदस्यों को सम्बोधित किया ।

(महामहिम राज्यपाल के सदन से जाने के पश्चात्)

माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया ।

[4] मा० मुख्यमंत्री द्वारा यह प्रस्ताव किया गया कि "यह सभा वर्त्तमान राज्य मंत्रिपरिषद् में विश्वास करती है ।"

प्रस्ताव पर चर्चा में निम्नांकित मा० सदस्यों ने भाग लिया :-

(i) श्री मंजीत कुमार सिंह, स०वि०स०
(ii) श्री नन्द किशोर यादव, नेता विरोधी दल
(iii) श्री अब्दुल बारी सिद्दिकी, स०वि०स०
(iv) श्री सदानन्द सिंह, स०वि०स०
(v) श्री अवधेश कुमार राय, स०वि०स०

(vi) श्री दिलीप वर्मा, स०वि०स०

(vii) श्री पवन कुमार जायसवाल, स०वि०स०

(viii) श्रीमती ज्योति रश्मि, स०वि०स०

(ix) श्री अरूण मांझी, स०वि०स०

मा० मुख्यमंत्री द्वारा सरकार की ओर से चर्चा का उत्तर दिया गया ।

''इस दौरान आसन से घोषणा की गयी कि कार्यवाही समाप्त होने तक सदन की सहमति से सदन की अवधि विस्तारित की जाती है ।''

''मा० मुख्यमंत्री द्वारा सरकार की ओर से चर्चा का उत्तर दिए जाने के दौरान भाजपा के सभी मा० सदस्यगण उत्तर का विरोध करते हुए सदन से बहिर्गमन कर गए ।''

मा० मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी की मांग एवं श्री अब्दुल बारी सिद्दिकी के द्वारा समर्थन किए जाने को ध्यान में रखकर आसन द्वारा विश्वास के प्रस्ताव पर लॉबी डिवीजन के माध्यम से मतदान कराया गया ।

विश्वास का प्रस्ताव लॉबी डिवीजन के माध्यम से शून्य मतों के विरूद्ध 140 मतों से सदन द्वारा स्वीकृत हुआ ।

[5] <u>अध्यक्षीय घोषणा</u> :-

आसन से घोषणा की गयी कि मा० मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार सदन नेता होंगे ।

[6] <u>अध्यासी सदस्यों का मनोनयन</u> :-

माननीय अध्यक्ष महोदय ने पंचदश विधान सभा के षोडश सत्र के लिए निम्नांकित सभासदों को अध्यासी सदस्य मनोनीत किया :-

(i) श्री हरिनारायण सिंह, स०वि०स०

(ii) श्री अब्दुल बारी सिद्दिकी, स०वि०स०

(iii) श्री राम नारायण मंडल, स०वि०स०

(iv) श्रीमती गुड्डी देवी, स०वि०स०

[7] <u>कार्यमंत्रणा समिति का गठन</u> :-

माननीय अध्यक्ष महोदय ने पंचदश बिहार विधान सभा के षोडश सत्र के लिए निम्न प्रकार कार्यमंत्रणा समिति का गठन किया :-

(i) अध्यक्ष, बिहार विधान सभा, सभापति

(ii) श्री नीतीश कुमार, सदन नेता, सदस्य

(iii) श्री अमरेन्द्र प्रताप सिंह, उपाध्यक्ष, सदस्य

(iv) श्री श्रवण कुमार, मंत्री, संसदीय कार्य, सदस्य

(v) श्री विजय कुमार चौधरी, मंत्री, सदस्य

(vi) श्री विजेन्द्र प्रसाद यादव, मंत्री, सदस्य

(vii) श्री नंद किशोर यादव, नेता विरोधी दल, सदस्य

(viii) श्री अब्दुल बारी सिद्दिकी, स०वि०स०, सदस्य

<u>विशेष आमंत्रित सदस्य</u>

(i) श्री सदानन्द सिंह, स०वि०स०

(ii) श्री चन्द्र मोहन राय, स०वि०स०

(iii) श्री अरूण कुमार सिन्हा, स०वि०स०

(iv) श्री अवधेश कुमार राय, स०वि०स०

नियमानुसार अध्यक्ष, इस समिति के सभापति तथा सभा सचिव इसके सचिव होंगे ।

आसन से घोषणा की गयी कि कल दिनांक-12.03.2015 को 10.00 बजे पूर्वा० उनके कार्यालय कक्ष में कार्यमंत्रणा समिति की बैठक होगी ।

[8] आर्थिक सर्वेक्षण का सदन पटल पर रखा जाना :-

माननीय मंत्री, वित्त विभाग, श्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव द्वारा वर्ष 2014-15 के आर्थिक सर्वेक्षण की प्रति को सदन पटल पर रखा गया ।

[9] शोक प्रकाश :

माननीय अध्यक्ष महोदय ने निम्नांकित जननायकों के निधन पर शोक प्रकट करते हुए दिवंगत आत्मा की चिरशांति एवं शोकाकुल परिवार को दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करने हेतु ईश्वर से प्रार्थना की :-

(i) स्व० भोला राय, पूर्व सदस्य
(ii) स्व० रामसुन्दर दास, पूर्व सदस्य, पूर्व मुख्यमंत्री
(iii) स्व० मुंशी लाल राय, पूर्व मंत्री, बिहार सरकार
(iv) स्व० कमला सिन्हा, पूर्व विदेश राज्यमंत्री
(v) स्व० जगदीश नारायण चौधरी, पूर्व स०वि०स०
(vi) स्व० धर्मपाल सिंह, पूर्व स०वि०स०
(vii) स्व० यशवंत कुमार चौधरी, पूर्व स०वि०स०
(viii) स्व० संकटेश्वर सिंह, पूर्व स०वि०स०
(ix) स्व० रामेश्वर ठाकुर, पूर्व राज्यमंत्री, भारत सरकार
(x) स्व० नारायण यादव, पूर्व स०वि०स०
(xi) स्व० रामरूप हरिजन, पूर्व स०वि०स०
(xii) स्व० फाल्गुनी प्र० यादव, पूर्व स०वि०स०
(xiii) स्व० अनीस अहमद, पूर्व स०वि०स०
(xiv) स्व० सुदामा चौधरी, पूर्व स०वि०स०
(xv) स्व० सीताराम वर्मा, पूर्व स०वि०स०

तदुपरांत सभी माननीय सदस्यों ने खड़े होकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए एक मिनट का मौन रखा ।

माननीय अध्यक्ष महोदय ने निदेश दिया कि शोक संवेदना सम्बंधित शोकाकुल परिवारों के पास भेज दिया जाय ।

तत्पश्चात् सभा की बैठक वृहस्पतिवार, दिनांक-12 मार्च, 2015 के 11.00 बजे पूर्वा० तक के लिए स्थगित हुई ।

पटना

दिनांक 11 मार्च, 2015

हरेराम मुखिया
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।